तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025



11 खेलने से शारीरिक विकास और आत्मविश्वास विकसित





11 बगैर प्रमाण जनता को गुमराह कर रहा विपक्ष




## खबर संक्षेप

### गाड़ियों की नहीं भरी किश्त, चार पर केस

**जींद।** गाड़िया लेकर किश्त न भरने तथा गाड़ी को वापस न देने पर उचाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव करसिंधु निवासी वेदपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 11 जून का सोनू ने उसके परिजनों ने उससे गाड़ियां ली थी।

### नागरिक अस्पताल में हुई बिजली गुल

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में अचानक बिजली आपूर्ति सप्लाई बाधित हो गई। जिससे आपातकालीन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई। 15 मिनट तक एमरजेंसी वार्ड में अंधेरा छाया रहा। जिससे चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और उपचाराधीन मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।डॉक्टरों को फोन की टॉर्च जलाकर उपचार करना पड़ा।

### रक्तदान शिविर आज एसपी होंगे मुख्यातिथि

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद द्वारा 19 दिसंबर को अर्बन एस्टेट जींद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष कैप्टन योगेश बैरागी करेंगे।

### घर में घुसकर मारने की धमकी देने का आरोप

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने घर में घुसकर मारने की धमकी देने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बालू के विनोद शर्मा ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 दिसंबर को रात करीब 1:00 बजे गांव के ही तेजवीर व अन्य ने घर में घुसकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव गांगोली से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूलतः बिहार हाल आबाद गांगोली निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि वह फार्म पर परिवार समेत मजदूरी करता है। बीती रात उसकी 15 वर्षीय बेटी फार्म से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का को कोई सुराग नही लगा।

### ठगी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** ओएलएक्स पर पुरानी बाइक बेचने के नाम पर ठगी करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई विनोद कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव नांगल जिला दौसा राजस्थान निवासी सागर सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### युवक से मारपीट करने पर तीन नामजद

**जींद।** गांव खटकड़ में खेतों में कहासुनी के चलते मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खटकड़ निवासी शुभम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पड़ोसी विकास से खेत में कहासुनी हो गई। जिस पर विकास तथा उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट की।

### बाल शोषण का आरोप दुकानदार के खिलाफ केस

**कैथल।** कैथल की पुरानी अनाज मंडी में मिठाई की दुकान पर एक किशोर से कम वेतन पर अधिक घंटे तक काम करवाने को लेकर किशोर का शोषण करने के आरोप में दुकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक अशोक कुमार ने शहर पुलिस को शिकायत दी है।

## सड़कों पर आवागमन धीमा, गेहूं की फसल को फायदा, बच्चे ठंड में ठिठुरते हुए विद्यालय पहुंचे

# घने कोहरे से बढ़ी ठंड, जनजीवन प्रभावित

**घना कोहरा गेहूं की फसल के लिए बेहद फायदेमंद**

### 11 रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/उचाना

घने कोहरे ने क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे ठंड में एकाएक वृद्धि हुई है। इसके चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है और लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। गुरूवार सुबह सड़कों पर घना कोहरा छाया रहा जिससे दृश्यता काफी कम हो गई। स्कूल जाने वाले बच्चे ठंड में ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे, वहीं उनके अभिभावकों को भी बच्चों को छोड़ने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। मुख्य सड़कों के साथ-साथ गांवों को जोड़ने वाली सड़कों पर भी आवागमन कठिन हो गया है। हालांकि इस कोहरे से किसान वर्ग में खुशी का माहौल है। किसानों का मानना है कि घना कोहरा गेहूं की फसल के लिए बेहद फायदेमंद होता हैए क्योंकि इसके बिना गेहूं की अच्छी पैदावार संभव नहीं है। कोहरा और ओस गिरने से गेहूं, सरसों, बरसीन की फसलों को लाभ हुआ है। इससे पहले ठंड की कमी के कारण फसलें प्रभावित हो रही थी लेकिन अब तापमान गिरने से किसान खुश हैं। दिसंबर के शुरुआती हफ्तों में पूरे दिन तेज धूप रहने से फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था। गर्मी के कारण खेतों की नमी कम हो रही थी। जिससे पैदावार पर खतरा मंडरा रहा था। किसान रवि, प्रकाश, प्रताप, राजेश ने बताया कि कोहरे की नमी से खेतों में पर्याप्त आद्रता बनी रहती है। जिससे गेहूं के कल्लों का बेहतर विकास होता है और पैदावार बढने की उम्मीद है।



उचाना। कोहरे में लाइट जला कर गुजरते हुए वाहन। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। सुबह स्कूल जाते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### कड़ाके की ठंड में छात्र परेशान

**नरवाना।** कोहरे ने आज नरवाना में अपने पांव पसारे। जैसे ही आज सुबह हुई तो शहर कोहरे की चादर से ढका हुआ था। वाहनों की रफ्तार धीमी थी और दिन में ही लाइट जलाकर वहां रेगते नजर आए। कहीं जगह लोग आग का सहारा लेते हुए भी दिखाई दिए। सुबह के समय स्कूली छात्र.छात्राएं ठंड में सिकुड़ते हुए विद्यालय की ओर प्रस्थान कर रहे थे। सर्द हवा ने सभी को कपकपाने पर मजबूर कर दिया। लगभग बारह बजे तक भी सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए। कोर्ट रोड से होते हुए थे दबलैन रेलवे पुल पर एक तरफ तो कोहरे का आलम और दूसरी तरफ लाइटे न होने से दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। दबलैन रेलवे पुल पर एक भी लाइट नहीं है और न ही मोड़ के ऊपर कोई दिशा सूचक चिन्ह लगा हुआ है जिससे दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। राहगिरो के अनुसार रात्रि के समय पुल पर भयानक अंधेरा रहता है।

#### जारी गाइडलाइन का पालन करने का आह्वान

**कलायत।** शीत लहर एवं पाला से निपटने के लिए कलायत उपमंडल मुख्यालय पर एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में डीसी के निर्देश पर बैठक की। इस दौरान उन्होंने शीत लहर एवं पाला से निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन से विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अवगत करवाया। बैठक में मुख्य रूप से तहसीलदार अजय कुमार, एसएमओ डा.किरण संधू, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय से प्रतिनिधि, कार्यकारी अभियंता/प्रतिनिधि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, कार्यकारी अभियंता/एसडीओ बिजली निगम, थाना प्रभारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आपदा मित्र एवं रेड क्रास प्रतिनिधि, कृषि, मार्किट कमेटी से सुपरवाइजर मोमन शर्मा, नगर पालिका लेखाकार सचिन गिल व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि शीत लहर एवं पाला की संभावित स्थिति को दृष्टिगत रखते राज्य सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन जारी की गई है। परिणामस्वरूप आवश्यक तैयारियों, समन्वय एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित के लिए बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संवेदनशील/कमजोर वर्गों की सुरक्षा, बेघर, बुजुर्ग, दिव्यांग, छोटे बच्चे एवं श्रमिकों की पहचान। रैन बसेरों/अस्थायी शेल्टर की व्यवस्था, कंबलञगर्म वस्त्र वितरण, स्वास्थ्य सेवाएं, दवाइयों की उपलब्धता। 24 घंटें एम्बुलेंस एवं इमरजेंसी ड्यूटी रोस्टर। अत्यधिक ठंड/पाला की स्थिति में को देखते हुए विद्यालय समय/अवकाश पर त्वरित निर्णय, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आवश्यक सेवाएं, जलापूर्ति पाइपलाइन-ट्यूबवेल जमाव से बचाव, विद्युत आपूर्ति में निर्बाधता, फॉल्ट पर त्वरित कार्यवाही व फसलों को पाले से बचाव के लिए चर्चा हुई। एसडीएम ने बीडीपीओ कार्यालय को ग्राम स्तर पर संवेदनशील व्यक्तियों की सूची तैयार करने निर्देश दिए ताकि जरूरत अनुसार सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### जींद: कोहरे का असर, फरक्का एक्सप्रेस 10 घंटे की देरी से पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गहरी धुंध तथा कोहरे ने जहां जनजीवन को प्रभावित कर के रख दिया है वहीं ट्रेनों की रफ्तार पर रोक लगा दी है। वीरवार को सुबह के समय घना कोहरा रहा। जिसके चलते वाहन एक दूसरे के पीछे लाइट जला रेंगते हुए नजर आए। वहीं बसें तथा रेलगाडिय़ां भी अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। फरक्का एक्सप्रेस दस घंटे की देरी से वीरवार को जींद जंक्शन पहुंची। धुंध के कारण रूट की 11 ट्रेनें लेट हो गई। ज्यादा धुंध के कारण ट्रेनों की रफ्तार कम करनी पड़ी। इसलिए ट्रेनों को 70 किलोमीटर की रफ्तार से चलाया गया। इससे यात्रियों को परेशानी हुई और लंबा इंतजार करना पड़ा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री रहा वहीं न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहा। मौसम में आद्रता 86 प्रतिशत बनी रही साथ ही हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी ठंड और पड़ेगी।

#### यात्री परेशान

धुंध के चलते सबसे अधिक प्रभावित होने वाली ट्रेनों में फरक्का एक्सप्रेस रही। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब दस घंटे की देरी से जींद रेलवे स्टेशन पहुंची। इनमें अवध-असम एक्सप्रेस, दिल्ली-जाखल पैसेंजर, डीएमयू, पतालकोट एक्सप्रेस, कुरुक्षेत्र-जींद पैसेंजर, हिसार-जींद पैसेंजर, दिल्ली-बठिंडा सुपरफास्ट प्रभावित रही। धुंध के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई है। जिससे लोको पायलटों को ट्रेन की गति कम रखनी पड़ रही है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने कई रूटों पर अहतियातन स्पीड लिमिट लागू कर दी है। जिससे ट्रेनों के समय में लगातार बदलाव हो रहा है। ट्रेनों की देरी का सीधा असर यात्रियों पर पड़ रहा है। लंबी दूरी का सफर करने वाले यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई यात्रियों ने बताया कि ठंड और धुंध के बीच स्टेशन पर बैठना मुश्किल हो रहा है। रेलवे जंक्शन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि धुंध के कारण रूट की कई ट्रेन प्रभावित हुई है।

# फैक्ट्री में आग लगने से रूई-मशीनें जली

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी रोड पर बीती देर रात कॉटन फैक्टरी में शॉर्ट सर्किट गोदाम से आग भड़क उठी। जिसमें लाखों रुपये कीमत की रूई तथा मशीनें जल गई। फायर बिग्रेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। भिवानी रोड स्थित एसजे सर्जिकल फैक्टरी के गोदाम में बीती देर रात आग भड़क उठी। घटना का उस समय पता चला जब चौकी दार ने गोदाम से उठ रही आग की लपटों को देखा। जिसकी सूचना उसने फैक्टरी मालिक तथा फायर बिग्रेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड की गाड़ी ने मौके पर मौजूद लेबर की सहायता से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक गोदाम में रखी रूई तथा मशीनें जल कर राख हो चुकी थी। फैक्टरी मालिक सतीश ने बताया कि रात को लेबर फैक्टरी के आगे बने क्वाटरों में सोए हुए थी। देर रात को गोदाम में अचानक आग भड़क उठी। उसने अंदेशा जताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण गोदाम में आग लगी है। जिसमें गोदाम मे रखी लाखों रुपये कीमत की रूई तथा मशीनें जल गई। सूचना पाकर पुलिस ने भी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

**जली पड़ी रूई**



# चौथ मांगने वाले बदमाश की करवाई परेड शिनाख्त

- जल्दी पैसा कमाने के चक्कर में गौरव उर्फ बच्ची ने अपराध की दुनिया में रखा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गत 14 दिसंबर को नरवाना के रेलवे रोड पर कपड़ा कारोबारी नरेश जैन की दुकान पर पर्ची फैंक कर तथा फायर कर 50 लाख रूपये की चौथ मांगने वाले मुख्य आरोपित गांव बेलरखां निवासी अनूप को सीआईए ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके साथ ही दूसरे आरोपित 19 वर्षीय जिला कैथल के गांव सिरटा व हाल आबाद धर्मसिंह कालोनी नरवाना निवासी गौरव उर्फ बच्ची को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपित गौरव उर्फ बच्ची को अदालत में पेश किया। जहां से उसको एक दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया ताकि यह पता चल सके कि वो अन्य दूसरी वारदातों में शामिल तो नही रहा। इससे पहले वीरवार को पुलिस आरोपित गौरव उर्फ बच्ची का सिर गंजा करवा कर व हाथों में हथकड़ी लगा कर उस जगह पर लेकर गई, जहां से वह तथा अनूप बेलरखां वारदात करने के बाद फरार हुए थे। आरोपित गौरव उर्फ बच्ची की परेड शिनाख्त करवाई गई। उसने बताया कि वह जैन की दुकान के साथ लगती गली में मुंह पर कपड़ा बांध कर बाइक लेकर खड़ा हो गया था। अनूप जैन की दुकान पर गोली चलाने के बाद भागता हुआ बाइक पर बैठ गया था। जिसके बाद वे दोनों बाइक पर वहां से फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपित गौरव उर्फ बच्ची को साथ लेकर जहां-जहां से वे भागे थे, वहां की शिनाख्त करवाई।



#### पूछताछ कर रही पुलिस

वहीं आरोपित गौरव उर्फ बच्ची ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह अपने मामा के पास नरवाना में धर्म सिंह कालोनी में रहता है। वह मुख्य आरोपित अनूप बेलरखां की जीवशैली से प्रभावित था। वह शॉर्ट कट के जरिए पैसा कमा कर एश की जिंदगी जीना चाहता था। जिसके कारण वह अनूप बेलरखां के संपर्क में आया। उसने अनूप को ढेर सारा पैसा कमाने की इच्छा जाहिर की। जिसके चलते वह जैन गारमेंट्स के मालिक नरेश जैन से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के लिए साथ चला गया लेकिन गौरव उर्फ बच्ची को यह नही पता था कि जिस शार्टकट के जरिये पैसा कमाने की राह पर वो चलना सीख रहा था। वह राह उसको जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम करेगी।



जींद। मंच पर मौजूद राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीयध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया।

#### देशभर में जगह-जगह होगी हनुमान चालीसा: तोगड़िया

**जींद।** राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीयध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि अब न हिंदू कटेगा और न ही गाय कटेगी। हमें सस्ती शिक्षा चाहिए और शिक्षा के बाद रोजगार चाहिए। इसलिए अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद हिंदुत्व के लिए काम कर रही है। छात्र परिषद सस्ती शिक्षा और शिक्षा के बाद रोजगार का प्रबंध करेगा। यह हमारा एजेंडा है। जैसे हमने राम मंदिर के लिए लाखों गांवों में चंदा एकत्रित करवाया था, ऐसे ही हम भारत के 6 लाख गांवों में मंगलवार या शनिवार को हनुमान चालीसा करवाएंगे। जगह-जगह पर हनुमान चालीसा होगी। राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीयध्यक्ष प्रवीण तोगडिया वीरवार को रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी की धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि हमारा संकल्प भारत में हिदुओं का बहुमत डंडे या कानून से बनाकर रखेंगे। इसलिए भारत में जनसंख्या में नियंत्रण का कानून बने। तीन करोड़ बंगलादेशी मुसलमानों को भगाओ। यह नही होता तब तक तीन बच्चे, हिंदू सच्चे, खरीदी हिंदुओं से करेंगे। रोजगार हिंदुओं को देंगे, ऐसा होना चाहिए। सरकार से जनसंख्या नियंत्रण का कानून बनवाएंगे और तीन करोड़ बंगलादेशियों को भगवाएंगे।

# हत्या का प्रयास-अवैध हथियार रखने के दोषी को सात वर्ष कैद

**अदालत ने दोषी को 35 हजार जुर्माना भी ठोका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अदालत ने हत्या के प्रयास व अवैध असलहा रखने के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते सात वर्ष कठोर कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषी को 35 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव मोहलखेड़ा निवासी सुभाष ने 19 जून 2021 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका भतीजा प्रवीन खेत से लौट रहा था। तभी पुरानी रंजिश के चलते तंज कसने पर गांव के ही अंकित ने उस पर फायर कर दिया। जिसमें छर्रे प्रवीन के कंधे में जा लगे। घटना के बाद अंकित मौके से फरार हो गया। परिजनों द्वारा घायल प्रवीन को उपचार के लिए नरवाना अस्पताल ले जाया गया।

जहां चिकित्सकों ने हालात गंभीर देखते पीजीआई रेफर कर दिया था। पुलिस ने सुभाष की शिकायत पर आरोपित प्रवीण के खिलाफ जान से मारने का प्रयास व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते प्रवीन को उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया था। तभी से केस अदालत में विचाराधीन था। गुरूवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अदालत ने हत्या के प्रयास व अवैध असलहा रखने के मामले में प्रवीण को दोषी करार देते हुए सात वर्ष कठोर कैद की सजा सुनाई है। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि यह फैसला समाज में यह स्पष्ट संदेश देता है कि आपसी विवादों में कानून अपने ही हाथ में लेने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



जींद। मौके पर कार्रवाई करती आबकारी विभाग की टीम। फोटो :हरिभूमि

#### राजपुरा भैण में छापेमारी कर अवैध शराब खुर्दा पकड़ा

**जींद।** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त पुनीत शर्मा के निर्देशानुसार आबकाकरी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते गांव राजपुरा भैण में छापेमारी कर अवैध शराब खुर्दा को पकड़ा है। टीम ने यहां से 16 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि गांव राजपुरा भैण में अवैध शराब का खुर्दा चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर छापामार टीम का गठन किया गया। टीम में टीम में आबकारी निरीक्षक संदीप कुमार, स्टाफ संदीप, प्रवीण व टेंडरी मोड चौकी पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। टीम ने गांव राजपुरा भैण में बताए गए स्थान पर छापेमारी की तो वहां एक व्यक्ति शराब बेचते हुए पाया गया। टीम ने मौके से देशी शराब मार्का की कुल 16 बोतलें बरामद की। टीम ने मौके पर मौजूद व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान गांव राजपुरा भैण निवासी ईश्वर के रूप में बताई। ईश्वर से जब शराब बेचने का लाइसेंस मांगा गया तो वह दिखा नही सका। बिना लाइसेंस के शराब बेचने पर ईश्वर को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त पुनीत शर्मा ने बताया कि जिला में कहीं भी शराब का अवैध कारोबार नही होने दिया जाएगा।

## प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी लोगों की समस्याओं को हरि भूमि ने प्रमुखता से उठाया था

# खबर का असर: प्रॉपर्टी आईडी सुधार के लिए हेल्प डेस्क स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

**खबर का असर**

नगर के लोगों की लगातार मांग को लेकर हरि भूमि समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों का असर अब दिखाई देने लगा है। नगर पालिका कार्यालय में प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी गलतियों को ठीक करने के लिए विशेष हेल्प डेस्क स्थापित कर दी गई है। इसके बाद अब नगरवासियों को प्रॉपर्टी आईडी में दर्ज त्रुटियों को सुधारने के लिए बाहर भटकना नहीं पड़ेगा और वे नगर पालिका कार्यालय में ही अपनी समस्या का समाधान करवा सकेंगे। नगर पालिका द्वारा स्थापित इस हेल्प डेस्क के माध्यम से संपत्ति मालिक अपनी प्रॉपर्टी आईडी में नाम, क्षेत्रफल, संपत्ति के प्रकार, स्वामित्व, उपयोग श्रेणी सहित अन्य दर्ज गलतियों को सही करवा सकते हैं। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को अपनी संपत्ति से जुड़े सही व वैध दस्तावेज नपा कार्यालय में जमा कराने होंगे। दस्तावेजों की जांच के बाद संबंधित प्रॉपर्टी आईडी में आवश्यक सुधार कर दिया जाएगा, जिससे लोगों को टैक्स भुगतान में भी आसानी होगी। बता दें कि प्रोपर्टी आइडी में खामियों से सीवन के लोग परेशान शीर्षक के साथ 17 दिसंबर के अंक में समाचार प्रकाशित कियचा गया था। इस समाचार पर कार्यवाही करते हुए नपा सीवन से यह संज्ञान लिया है। नगर निवासी समाज सेवी सुरेंद्र कुमार नागपाल ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री विंडो पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में उन्होंने उल्लेख किया था कि प्रॉपर्टी आईडी में भारी त्रुटियों के कारण संपत्ति मालिकों को टैक्स भरने में काफी परेशानी हो रही है। गलत विवरण के चलते टैक्स अधिक आ रहा है, वहीं कई मामलों में टैक्स जमा ही नहीं हो पा रहा है। उन्होंने मांग की थी कि नगर पालिका कार्यालय के भीतर ही कोई स्थायी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि लोग आसानी से अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकें। उनकी शिकायत और अखबार में प्रकाशित समाचार को गंभीरता से लेते नपा ने हेल्प डेस्क स्थापित की है।







प्रॉपर्टी आईडी की खामियों से सीवन के लोग परेशान

#### कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई

नपा सचिव दीपक कुमार ने बताया कि प्रॉपर्टी आईडी की गलतियों में सुधार के लिए पहले भी कार्यालय में एक हेल्प डेस्क कार्यरत थी, लेकिन अब बढ़ती शिकायतों और लोगों की संख्या को देखते उसमें कर्मचारियों की संख्या बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि अब विशेष रूप से नियुक्त कर्मचारी इस कार्य को देखेंगे, ताकि लोगों को समय पर और सही तरीके से सुविधा मिल सके।

### संदिग्ध हालात में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**जींद।** इंपलॉयज कालोनी मे बीती देर शाम को एक युवक ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। शहर थाना पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इम्पलॉयज कालोनी निवासी रोहित (24) ने बीती देर शाम अपने मकान मे फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों को घटना का उस समय पता चला जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नही निकला। जब उन्होंने कमरे में जा कर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से उतार नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। उसी परेशानी के चलते उसने यह कदम उठाया है। वीरवार को पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है।



क्रिसमस का अवसर हो और रेड ड्रेस पहने, लंबी सफेद दाढ़ी वाले तुम सबके फेवरेट सांता क्लॉज का जिक्र ना आए, ऐसा कैसे हो सकता है! सांता क्लॉज, दूसरों के साथ प्यार-खुशी बांटने का संदेश देते हैं। इसके अलावा और भी बहुत-सी अच्छी बातें हैं, जो तुम अपने प्यारे सांता से सीख सकते हो, खुद भी किसी के सांता बन सकते हो।

# प्यारे सांता क्लॉज से सीखो ये अच्छी-प्यारी बातें

फेस्टिव मैसेज
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, क्रिसमस पर तुमको सबसे ज्यादा बेसब्री से इंतजार रहता है, ढेरों गिफ्ट बांटने वाले क्यूट से सांता क्लॉज का, है न! दुनिया भर के बच्चों के फेवरेट सांता, न केवल सब पर प्यार बरसाते हैं, सबकी मदद भी करते हैं। इसीलिए, सबका प्यार पाते भी हैं। सबको गिफ्ट के रूप में खुशियां बांटने वाले सांता, बहुत गुणी भी हैं। उनकी कई गतिविधियां और गुण बहुत प्रेरणादायी हैं। अगर तुम ध्यान दो तो इनसे बहुत सी अच्छी-अच्छी बातें और बर्ताव सीख सकते हो। हंसी-खुशी क्रिसमस का पर्व मनाते हुए सांता क्लॉज की इन बातों के बारे में तुमको जरूर जानना चाहिए।

## सबकी मदद के लिए तत्पर

सांता का मन बहुत उदार है। वे खुले दिल से सबकी मदद करते हैं। सांता जब खुशियां बांटने निकलते हैं तो ऊंच-नीच नहीं देखते। बिना किसी भेदभाव के उपहार बांटकर उनका मन आनंदित होता है। इससे पता चलता है कि सांता दयालुता और दूसरों की भलाई को बहुत अहम मानते हैं। खासकर बच्चे तो उन्हें बहुत प्रिय हैं। तभी तो क्रिसमस पर सांता हर बच्चे के लिए गिफ्ट छोड़ जाते हैं। तुम सबकी जरूरतों और इच्छाओं को समझते हैं। उनके व्यवहार के इस सुंदर पहलू से तुम भी नेकी की राह पर चलना सीख सकते हो। अपने आस-पास के लोगों की छोटी-छोटी इच्छाओं को समझकर उनके मददगार बन सकते हो।



## कायम रखो भरोसा

सांता क्लॉज, किसी का भरोसा ना तोड़ने और उम्मीदों पर खरे उतरने की बहुत प्यारी-सी बात भी सिखाते हैं। साथ ही यह भी समझाते हैं कि हमें खुद भी हर परिस्थिति में आशावान रहना चाहिए। सांता, बच्चों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए उन तक पहुंचने का हर संभव प्रयास करते हैं। बच्चों की चाहत वाले पत्र (विश लेटर) पढ़ते हैं। प्रार्थनाएं सुनकर उन्हें पूरा करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे बदले में किसी से कोई उम्मीद नहीं रखते। वे किसी का भरोसा नहीं तोड़ते हैं। बच्चो, घर के बड़े हों या टीचर्स, तुम्हारे लिए उनके मन में भी बहुत भरोसा होता है। अच्छी बातें सीखने का भरोसा, गलत रास्ते पर न चलने का भरोसा। बुरी भाषा और बर्ताव से बचने का भरोसा। तुम्हें उनके विश्वास को कभी नहीं तोड़ना चाहिए। बड़े होने पर यही अच्छी और सच्ची बातें तुम्हारे व्यक्तित्व को भी बहुत प्यारा और प्रभावी बना देंगी।



## सबके प्रति समानता का भाव

बच्चो, सहायता के भाव के साथ समानता की सोच भी जरूरी है। यह बात भी सांता से सीखी जा सकती है। सांता अपनी पोटली में हर देश, हर वर्ग के बच्चों के लिए उपहार लेकर निकलते हैं। हर कल्चर और हर बैकग्राउंड के बच्चों को त्योहार की सौगात देते हैं। असल में सबकी भलाई का भाव लिए सांता का व्यवहार हर तरह से अच्छा बनने की ही प्रेरणा देता है। इसीलिए सांता क्लॉज से दया, ईमानदारी और मानवीय भावों को समझने की प्यारी सीख जरूर लेनी चाहिए।

## अनुशासन और समर्पण

सांता क्लॉज अनुशासन की भी सीख देते हैं। साथ ही अपने काम को लेकर उनका समर्पण भी कमाल का है। दुनिया भर के बच्चों तक उपहार पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने वाले सांता, हमें यह भी समझाते हैं कि किसी भी काम को करने का मन बना लिया जाए तो कुछ भी मुश्किल नहीं। कहा जाता है कि सांता पूरे साल बच्चों के लिए खिलौने बनाते हैं। क्रिसमस की रात उन्हें दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्यारे बच्चों तक पहुंचाने हैं। क्रिसमस पर कई देशों में कड़ाके की ठंड पड़ती है। कहीं बर्फीले तूफान चलते हैं। बावजूद इसके सांता अपने काम को पूरा करते हैं, पूरी लगन से अपनी यह जिम्मेदारी निभाते हैं। जिस तरह से सांता अनुशासित होकर समर्पण से अपना काम सफलतापूर्वक पूरा करते हैं, उसी तरह अच्छे से पढ़ाई करने की बात हो या अपनी पसंद के किसी खेल में माहिर होना हो। आलस्य पर जीत हासिल करना हो या अपनी हेल्थ का खयाल रखना हो। बच्चो, समर्पण और अनुशासन से सब कुछ किया जा सकता है। यह कभी न भूलो कि किसी लक्ष्य को पाने के लिए, टाइम मैनेजमेंट, डिसिप्लिन और डेडिकेशन सबसे जरूरी होता है। यह खूबी को ही नहीं अपने मम्मी-पापा, टीचर्स और फ्रेंड्स सभी को खुशी देने वाला गुण है।

## अपना ध्यान रखने की प्रेरणा

दूसरों को खुशियां बांटने की सीख के साथ-साथ खुद अपनी देखभाल की समझ भी प्यारे सांता हमें देते हैं। दुनिया भर में गिफ्ट की डिलिवरी करते सांता, व्यस्तता में भी ब्रेक लेना नहीं भूलते। क्रिसमस पर जो तुम सांता के लिए दूध का गिलास और कुकीज घर के बाहर रखते हो, उन्हें खाने-पीने के लिए वे थोड़ा रुकते हैं, सुस्ताते हैं। यानी अपना खयाल भी रखते हैं सांता।



बच्चो, क्रिसमस पर सांता, खुशियों का संदेश बांटते हुए ही घूमते हैं। तुम उनसे हमेशा खुश रहने और खुशियां बांटने का पाठ सीख सकते हो। *

सेलिब्रेशन / पुष्पेश कुमार पुष्प

# क्रिसमस से जुड़ी कुछ रोचक परंपराएं



इन दिनों पूरी दुनिया में क्रिसमस मनाने की तैयारी हो रही है। क्या तुमको पता है कि इस फेस्टिवल को कुछ देशों में बहुत अलग-रोचक तरीके से मनाया जाता है? इनमें से कुछ रोचक परंपराओं के बारे में तुम्हें यहां बता रहे हैं।

बच्चो, क्रिसमस का त्योहार पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कई देशों में क्रिसमस के साथ रोचक परंपराएं भी जुड़ी हुई हैं। विभिन्न देशों में क्रिसमस मनाने का अपना अलग-अलग तौर-तरीका भी है।

**सड़कों को सजाते हैं:** पश्चिमी देशों में क्रिसमस के अवसर पर चर्च और इसके आस-पास की सड़कों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। जगह-जगह तोरण द्वार बनाए जाते हैं एवं इन द्वारों के ऊपर क्रिसमस ट्री की डालियां सजाई जाती हैं। 'मैरी क्रिसमस' लिखे बैनर और होर्डिंग्स भी इन तोरण द्वारों पर लगाए जाते हैं।

**लगाते हैं देव प्रतिमा:** इंग्लैंड में क्रिसमस के अवसर पर क्रिसमस ट्री के पास देव प्रतिमा लगाने की परंपरा है। इस परंपरा की शुरुआत 19वीं सदी के मध्य में इंग्लैंड के तत्कालीन राजकुमार एल्बर्ट ने की थी। क्रिसमस वृक्ष पर देव प्रतिमा लगाने की परंपरा को बाद में कई देशों ने भी अपना लिया।

**आतिशबाजी और झांकियां:** क्रिसमस पर आतिशबाजी करने की परंपरा की शुरुआत सर्वप्रथम फ्रांस में हुई। बाद में क्रिसमस के मौके पर आतिशबाजी करने की इस परंपरा को अधिकतर देशों ने अपना लिया। अन्य देशों की तरह फ्रांस के निवासी भी मध्यरात्रि में चर्च में प्रार्थना करते हैं और सुबह संत निकोलस की प्रतिमा की झांकी निकालते हैं।

**पुडिंग बनाते-खाते हैं:** पुराने समय में क्रिसमस के अवसर पर आलू बुखारे से व्यंजन बनाए जाते थे। बाद में इस व्यंजन के तर्ज पर ही पुडिंग बनाने की परंपरा की शुरुआत हुई। अब लगभग सभी देशों में क्रिसमस के मौके पर पुडिंग बनाए जाते हैं।

## लगाते हैं क्रिसमस ट्री

नीदरलैंड्स में क्रिसमस के मौके पर क्रिसमस ट्री लगाने की परंपरा है। साथ ही यहां के छोटे-छोटे बच्चे अपने



हाथों में रंग-बिरंगे फूलों का गुलदस्ता और स्मॉल क्रिसमस ट्री लेकर चर्च जाते हैं। वहां ये फादर यानी चर्च के पादरी को गिफ्ट करते हैं और क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हैं।

**बच्चे-बड़े करते हैं एंज्वॉय:** ऑस्ट्रेलिया के लोग क्रिसमस के मौके पर समुद्र के किनारे जाते हैं और वहां बालू से खेलते हैं, एंज्वॉय करते हैं। मैक्सिको में क्रिसमस के अवसर पर बच्चों की आंखों पर पट्टियां बांध दी जाती हैं और फिर उन्हें मिट्टी के बर्तन तोड़ने के लिए कहा जाता है, जो उनसे कुछ दूर रखे होते हैं। इन बर्तनों में मिठाइयां या कुकीज भरी होती हैं। बर्तन टूटने के बाद ये मिठाइयां बच्चों में बांट दी जाती हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# हिंदी में पढ़ो जापानी कहानियां



प्यारे बच्चो, इस बार हम तुम्हें जापानी भाषा में लिखी गई पांच कहानियों की एक किताब के बारे में बता रहे हैं, जिसका हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। इस किताब का शीर्षक 'अचरज ग्रह की दंतकथा' है। इसके लेखक हैं ताजिमा शिंजी। बच्चो, जब हम दूसरे देशों में लिखी गई कहानियों को पढ़ते हैं तो अलग भौगोलिक तथा सामाजिक परिस्थितियों से परिचित होते हैं। हमारी कल्पना शक्ति को और विस्तार मिलता है। यहां भी बिलकुल ऐसा ही है। बड़ी निराली कहानियां हैं पांचों। पहली कहानी, एक लोमड़ी के आदमी बनकर पछताने की रोचक कहानी है। दूसरी कहानी, आकाशगंगा के एक छोटे से ग्रह के लोगों के हमारी पृथ्वी के प्रति आकर्षण और हमसे उनकी उम्मीद की कहानी है। बाकी तीन कहानियां भी तुम्हें अलग-अलग दुनिया में ले जाएंगी। ये कहानियां हम सभी से अच्छा इंसान बनने की उम्मीद करती हैं। ये सभी कहानियां तुमको जरूर पसंद आएंगी। *

**किताब :** अचरज ग्रह की दंतकथा (जापानी कहानियां), **लेखक :** ताजिमा शिंजी, **हिंदी अनुवाद :** हरीश नारंग, **मूल्य :** 75 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1. आधी रात को घर में आता
उपहारों का थैला लाता
बच्चों के तकिए के नीचे
चुपके से उनको सरकाता

2. पेड़ सजाते पेस्ट्री खाते
सब मिल-जुलकर कर कैरल गाते
झूम-झूमकर नाच-नाचकर
जन्मदिवस एक खास मनाते

3. चीड़ कहो या देवदार
यह पेड़ है सदाबहार
इस पर हम उपहार सजा कर
खूब मनाते हैं त्योहार

- आशा शर्मा

उत्तर : 1.सांता क्लॉज, 2.क्रिसमस, 3.क्रिसमस ट्री

## जीके क्विज-184



1. हाल ही में किस भारतीय त्योहार को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया है?
2. टेस्ट, ओडीआई और टी-20 क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन बने हैं?
3. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
4. स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत के किस राज्य में स्थित है?
5. भारत का अंतिम वायसराय कौन था?
6. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
7. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?
8. वर्ष का सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात किस तारीख को होती है?
9. हाल ही में किस भारतीय महिला रेसलर ने संन्यास से वापसी की घोषणा की है?
10. मूर्ति देवी पुरस्कार किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-184 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-183 का उत्तर :** 1.गुजरात, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.फॉर्मिक एसिड, 4.शतरंज, 5.इंडोनेशिया, 6.पेरिस, 7.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 8.एडोल्फ हिटलर, 9.पेडोलॉजी, 10.नाइट्रोजन

**जीके क्विज-183 का सही उत्तर देने वाले :** चेतन-बालोद, देवेश-रायपुर, हर्ष-बिलासपुर, अंचित-दुर्ग, कन्हैया-महासमुंद, प्रवीण-रोहतक, हर्षिता-बलौदा बाजार, केशव-भोपाल, कनिष्क-धमतरी, प्रियांशु-हिसार, लक्ष्य-मटियारी



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए पीटर ने खूब सारी शॉपिंग की प्लानिंग की थी। लेकिन शॉपिंग के लिए जब वह अपने दोस्त माइकल और उसकी मम्मी के साथ मार्केट जा रहा था तो उसने कुछ सोचकर अपनी प्लानिंग ही बदल दी। ऐसा क्या हुआ कि पीटर की शॉपिंग प्लानिंग बदल गई।

# क्रिसमस की खुशियां

शाम को अपने दोस्तों के साथ खेलकर पीटर कुछ जल्दी घर लौट रहा था। वह बड़ा उत्साहित था क्योंकि अगले दिन क्रिसमस था। इसीलिए आज उसे अपनी मम्मी के साथ क्रिसमस की खरीदारी करने बाजार जाना था। अपने घर पहुंचकर उसने बेल बजाई, लेकिन मम्मी को दरवाजा खोलने में थोड़ी देर लग गई।

'मम्मी, क्या हुआ दरवाजा खोलने में बहुत देर कर दी आपने?' कमरे में प्रवेश करते हुए पीटर ने पूछा।

'बेटा, मुझे अचानक बहुत तेज बुखार हो गया है, इसलिए बिस्तर से उठकर दरवाजे तक आने में थोड़ी देर हो गई।' मम्मी ने जवाब दिया।

'मम्मी, अब आप जल्दी से तैयार हो जाओ। हमें मार्केट जाना है न, क्रिसमस की शॉपिंग के लिए।' पीटर अपनी ही धुन में बोला, जैसे उसने मम्मी की बात सुनी ही न हो। उसे बाजार जाने की जल्दी जो थी।

'बेटा, अभी बताया न! मेरी तबीयत खराब है। मुझसे उठा भी नहीं जा रहा। मैं तो तुम्हारे साथ मार्केट जा नहीं पाऊंगी।' मम्मी ने दरवाजा बंद कर, अंदर आते हुए कहा।

मम्मी की बात सुनकर पीटर मायूस होकर बोला, 'मम्मी, तो फिर क्रिसमस की शॉपिंग कैसे हो पाएगी? पापा भी इस बार छुट्टी लेकर घर नहीं आ पाए!'

पीटर के पापा सेना में हैं। इन दिनों उनकी पोस्टिंग घर से बहुत दूर देश के सीमावर्ती राज्य में है। क्रिसमस के त्योहार पर उन्हें एक सप्ताह की छुट्टी लेकर घर आना था, मगर किसी इमरजेंसी ड्यूटी की वजह से उन्हें छुट्टी नहीं मिल पाई और वे घर नहीं आ सके थे। पीटर को उदास देखकर मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। मैंने



एआई इमेज

पड़ोस में रहने वाले माइकल की मम्मी से बात कर ली है। वे माइकल को लेकर कुछ ही देर में क्रिसमस की शॉपिंग के लिए मार्केट जाएंगी। मार्केट जाते हुए वे हमारे घर आ जाएंगी और तुम्हें भी अपने साथ ले जाएंगी। तुम्हें जो-जो खरीदना हो, वे खरीदवा देंगी। तुम्हारा सामान खरीदने के लिए मैं उन्हें पैसे दे दूंगी। अब तुम उनके साथ मार्केट जाने के लिए फटाफट तैयार हो जाओ। मैं दवाई खाकर थोड़ा रेस्ट करूंगी।'

पीटर बाजार जाने के लिए तैयार होने लगा। थोड़ी देर बाद माइकल और उसकी मम्मी आ गए। पीटर उनके साथ बाजार चला गया।

बाजार जाते हुए रास्ते में पीटर ने माइकल से कहा, 'मैं तो बड़ा-सा क्रिसमस ट्री लूंगा और उसको सजाने के लिए बहुत सी मोतियों की लड़ियां, रिबन, स्टार्स और मोमबत्तियां भी खरीदूंगा! बड़ा वाला केक और ढेर सारी चॉकलेट भी लूंगा!'

'ये सब चीजें तुम अपने लिए ही लोगे क्या?' पीटर की बात सुनकर माइकल ने पूछा। 'हां, अपने लिए ही तो लेना है यह सब। क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए।' पीटर ने उत्साहित होकर बताया।

'वो तो ठीक है, लेकिन क्रिसमस पर दूसरों की मदद करने के लिए तुम क्या करोगे?' माइकल ने उससे सवाल किया।

'मदद.. मदद किसकी? क्रिसमस तो हमें खुद ही मनाना है न! इसमें दूसरों की मदद क्या करनी है?' पीटर ने हैरानी से पूछा।

'देखो पीटर, हम तो क्रिसमस पर अपने लिए थोड़ा कम सामान खरीदते हैं ताकि गरीब लोगों के लिए गर्म मोजे, चॉकलेट वगैरह भी खरीद सकें। क्रिसमस वाले दिन चर्च के बाहर और आस-पास झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोगों में हम वो चीजें बांट देते हैं।' माइकल ने बताया।

'हां बेटा, क्रिसमस पर गरीब लोगों को दान इसलिए दिया जाता है ताकि वे भी हंसी-खुशी यह त्योहार मना सकें।' माइकल की मम्मी ने पीटर को समझाते हुए कहा।

माइकल और उसकी मम्मी की बातें सुनकर पीटर सोच में पड़ गया। उसने तो मम्मी से जिद करके माइकल की मम्मी को ज्यादा पैसे दिलवाए थे ताकि वे उसे खूब सारी खरीदारी करवा सकें। लेकिन उसे माइकल और उसकी मम्मी की बातें सही लग रही थीं।

कुछ देर बाद वे लोग बाजार पहुंचे और उन्होंने क्रिसमस की खरीदारी शुरू की। पीटर ने बड़े के बजाय एक छोटा क्रिसमस ट्री लिया। ट्री की सजावट के लिए सामान लिया लेकिन थोड़ा कम। केक भी कुछ छोटा लिया ओर चॉकलेट भी थोड़ी कम खरीदी। इससे बचे पैसों से उसने कुछ गर्म मोजे, टॉफियां, छोटे केक और बिस्कुट के पैकेट खरीदे। ये सब खरीदते हुए वह सोच रहा था कि इन्हें वह अगले दिन गरीब बच्चों में बांट देगा। सारी खरीदारी करके पीटर जब घर पहुंचा तो वह बहुत खुश था। उसे लग रहा था कि इस बार के क्रिसमस की खुशियां दोगुनी हो गई हैं। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## सांता क्लॉज

कलंगी वाली टोपी सिर पर,
कौन अरे, यह सांता क्लॉज!
जिंगल बेल लेकर हाथों में,
मेरे घर पर आए आज।
भरा गिफ्ट से थैला भारी,
मद्धिम-मद्धिम इनकी चाल।
चले बांटने खुशियां सबको,
वेट कराते पूरे साल।
नरम रूई-सी उजली दाढ़ी,
नाक गुलाबी, फूले गाल।
गोल-गोल आंखें सांता की
गोल नाक भी बड़ी कमाल।
सो जाते जब हम सब बच्चे,
मोजे में तोहफे दें डाल।
छू-मंतर हो जाते, कहकर,
'फिर आऊंगा अगले साल!'

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां सांता क्लॉज के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट आठ अंतर खोजो।



उत्तर: 1.सांता क्लॉज की बाईं आंख बंद है। 2.सांता की जीभ का कलर स्काई-ब्लू दिख रहा है। 3.सांता के कैप के पॉम-पॉम (कलगी) में जिगजैग लाइन बनी हुई है। 4.सांता की बेल्ट में दो लूप्स लगे हुए हैं। 5.आगे बाईं तरफ रखे गिफ्ट पैक में रिबन के पास का कलर पिंक है। 6.सांता के दाहिने पैर के जूते का सोल व्हाइट है। 7.सांता के बाएं पैर के मोजे में ज्यादा फर निकला हुआ है। 8.पीछे दाईं तरफ एक के बजाय दो गिफ्ट पैक रखे हुए हैं।

## एक अलग चित्र को ढूंढो

बच्चो, यहां दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी सांता क्लॉज, पेयर यानी जोड़े में हैं। एक चित्र ऐसा है, जिसका सेम पेयर नहीं है। तुम्हें उस अकेले सांता के चित्र को खोजकर उसके चारों ओर पेन या पेंसिल से सर्कल बनाना है।



## खबर संक्षेप

### 22 दिसंबर को प्रदर्शन करेगी वामपंथी पार्टियां

**जींद।** वामपंथी पार्टियों ने केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पारित विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण बिल 2025 का कड़ा विरोध करते हुए 22 दिसंबर को अखिल भारतीय विरोध दिवस मनाने का ऐलान किया है। जींद में यह प्रदर्शन जिला मुख्यालय पर किया जाएगा। जिसमें वामपंथी पार्टियों के कार्यकता, मनरेगा मजदूर शामिल होंगे।

### जरूरतमंद छात्रों को जूते और जर्सियां वितरित की

**जींद।** छोटू राम शिक्षा समिति द्वारा संचालित जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की रोहतक रोड शाखा पर शुक्रवार को विद्यालय परिवार की तरफ से सर्दियों से बचने के लिए जरुरतमंद छात्र व छात्राओं को जूते व जर्सियां वितरित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों को सर्दी से बचे रहने के लिए प्रेरित किया व किस प्रकार शिक्षा से कामयाबी के शिखर तक पहुंचा जा सकता है।

### पूर्व पीएम चरण सिंह की जयंती पर कार्यक्रम 23 को

**जींद।** जाट धर्मार्थ सभा के पदाधिकारियों की बैठक वीरवार को प्रधान फूल कुमार मोर की अध्यक्षता में जाट धर्मशाला में हुई। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 124वीं जयंती पर 23 दिसंबर को कार्यक्रम का आयोजन का फैसला लिया गया। प्रधान फूल कुमार मोर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यअतिथि सोनीपत लोकसभा से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी होंगे।

### संस्था बांटेगी 200 मण गेहूं के चैक और कंबल

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट जींद के प्रधान राहुल अहिरका ने बताया कि 14 जनवरी को मकर सक्रांति पर मुख्य संरक्षक लज्जा राम आश्रम पिंडरा के महंत राजेश स्वरूप शास्त्री की अध्यक्षता में नरवाना रोड पर गेहूं एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जींद के आसपास 32 गांवों की 80 अति जरूरतमंद असमर्थ महिलाओं को 2575 रुपये के हिसाब से प्रत्येक महिलाओं को एक एक क्विंटल गेहूं खरीदने के लिए सभी को चैक दिया जाएगा।

### शिव मंदिर में 5 जनवरी को पहुंचेंगे नागा साधू

**नरवाना।** उप मंडल के गांव मोहलखेड़ा के शिव मंदिर में आगामी 5 जनवरी को नागा साधु पहुंचेंगे। नरवाना में पहली बार नागा साधुओं का बड़ी तादाद में आगमन होगा। मंदिर के महंत गौतम गिरी ने बताया कि गत 26 नवम्बर से आगामी 5 जनवरी तक इस शीत लहर में 40 दिनों की जलधारा का महा आयोजन किया जा रहा है।

### बागवानी फसलों की खेती के लिए अनुदान दे रही सरकार

**जींद।** सरकार किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नए प्रावधान कर रही है। इसके लिए किसानों को बागवानी, फलों, सब्जियों फूलों और मसालों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार द्वारा बागवानी फसलों की खेती के लिए अनुदान दिया जा रहा है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि फलों की खेती, मसालों की खेती तथा खुशबूदार पौधों की खेती करना जैसे मद शामिल हैं।

### नाबलिग लड़की से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**जींद।** सदर थाना सफीदों इलाका गांव में नाबालिग लड़की के साथ पड़ोसी द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** आरोपितों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान आपरेशन हाटस्पोट डोमिनेशन के तहत चौकी पटियाला चौक जींद व चौकी उचाना मंडी पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इचार्ज अनिल के नेतृत्व में 17 को खापड़ निवासी अजय को काबू कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

---

### इंडस स्कूल का अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

# खेलने से शारीरिक विकास और आत्मविश्वास विकसित

### खिलाड़ियों के सम्मान में निकाला विजय जुलूस

**उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय का नाम किया रोशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के लिए ये अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों ने इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन किया। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र वंश मलिक, नितांशु, आदि तुषार, कुणाल तथा अरमान ने अपने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और अथक परिश्रम के बल पर स्वर्ण पदक प्राप्त किए। जबकि छात्र हिमांशु ने बेहतरीन प्रदर्शन करते रजत पदक हासिल किया। इन विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर अभ्यास, समर्पण और विद्यालय द्वारा प्रदान किए गए उचित मार्गदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। विद्यार्थियों की



**जींद।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*


**जींद।** पदक विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में विजय जुलूस निकालते हुए।

इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार, बल्कि अभिभावकों और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र मडोत्रा ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी विद्यालय के छात्र इसी प्रकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के कोऑर्डिनेटर परवीन परुथी, समाजसेवी आजाद कुंडू, भारत विकास परिषद के सम्मानित सदस्य, श्री माता वैष्णो समिति के सदस्य तथा ब्राह्मण सभा के सदस्यों ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को पदक पहना कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थीगण ने विजेता खिलाडियों पर गर्व व्यक्त किया और इसे पूरे विद्यालय के लिए सम्मान की बात बताया। सभी ने आशा जताई कि ये विद्यार्थी आने वाले समय में और भी ऊंचाइयां छुएंगें तथा देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर और अधिक गौरवान्वित करेंगे।

---

## जिला स्तरीय पंच प्रण प्रतियोगिता में करीना प्रथम

**कैथल।** युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा युवा मामलों के तहत राजकीय आईटीआई कैथल में जिला स्तरीय पंच प्रण प्रतियोगिता का आयोजन किया । मुख्य अतिथि जिला पार्षद अमरजीत कसान थे तथा अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना कैथल के कार्यक्रम अधिकारी शमशेर मलिक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विमल व राजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। अमरजीत ने छात्रों को संदेश दिया कि छात्र आजकल अपना जन्मदिन नशीले पदार्थों के सेवन अथवा होटल में जाकर जलपान कर मनाते हैं जो कि संस्कृति के खिलाफ है सभी से जन्मदिन पर पौधरोपण करने का आह्वान किया।


**कैथल।** जिला पार्षद अमरजीत कसान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

**विजेताओ को किया सम्मानित**

अथवा सामाजिक कार्य करते किसी गरीब व्यक्ति की सहायता करके मनां। यदि हमें जलपान का कार्यक्रम करना है तो बड़े बुजुर्गों के साथ मिलकर करें ताकि समाज में एकता की भावना पनपे व सुदृढ़ सशक्त व सभ्य समाज का गठन हो सके। आज की प्रतियोगिता में जिला कैथल के लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया पंच- प्रण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माइल्ड स्टोन स्कूल कैथल की छात्रा करीना द्वितीय स्थान योगनया व तृतीय स्थान हिना स्टेनो हिंदी की छात्रा ने प्राप्त किया। सभी विजेता छात्रों को पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र मेडल व ₹1100 ₹750 व ₹500 रुपए नगद इनाम डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल में अनुदेशक विनीत कुमार, मनोज कुमार व धर्मवीर रहे।


**कैथल।** भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र क्योडक ग्रामीणों को जागरूक करते।

### एसआईआर को लेकर विपक्ष कर रहा गुमराह : धीरेंद्र

**कैथल।** क्योडक मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र क्योडक ने कहा कि एसआईआर को लेकर कांग्रेस बेबुनियाद आरोप लग रही है। सच्चाई बात यह है कि कांग्रेस की झोली में कुछ नहीं है। 70 साल जो कांग्रेस ने देश का शोषण किया है। अब देश की जनता जाग चुकी है। भारतीय जनता पार्टी ने 2045 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य लिया है और देश की जनता इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता जन जागरण अभियान चलाएगा जिसमें सभी शक्ति केंद्र प्रभारी शक्ति केंद्र प्रमुख व भूत अध्यक्ष की जिम्मेवारी लगा दी गई है। वे सभी घर-घर जाकर शक्ति केन्द्र एवं बूथ सत्र पर जन जागरण अभियान चलाएंगे जिसमें स्वदेशी जागरण हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी और एसआईआर (विशेष गहन निरीक्षण) उसके बारे में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता घर-घर जाएगा और जो भी वोट बाहर के लोगों ने बनवा रखी है।

### बिजली कर्मियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**जींद।** बिजली निगम डिवीजन ऑफिस प्रांगण में गुरूवार को एचएसईबी वर्कर यूनियन ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान निगम कर्मियों ने तुरंत प्रभाव से ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनिट प्रधान हरीओम ने किया व मंच का संचालन यूनिट सचिव धर्मवीर बैरागी ने किया। प्रदर्शन में सातों सब डिवीजनों के प्रधान, सचिव, कार्यकारिणी सदस्यों व कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड का जो कार्य है, वह जोखिम भरा कार्य है। कर्मचारियों के दूसरी जगह ट्रांसफर हो जाने से उनके हादसों में वृद्धि होगी। क्योंकि नई जगह पर कर्मचारियों को नई लाइन की जानकारी नही होती है। आए दिन बिजली विभाग में घटनाएं होती रहती हैं। फिर भी हरियाणा सरकार बिजली विभाग के कर्मचारियों के ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लागू कर कर्मचारियों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

---

### टीबी रोगियों को वितरित की पोषण किट

**जींद।** राजकीय कालेज ने प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में टीबी उन्मूलन अभियान के तहत नागरिक अस्पताल में सहयोग करते गोद लिए गए 26 टीबी रोगियों को आहार की छठी किट सहायता के रूप में प्रदान की गई। यह सहायता उनको मानसिक व आर्थिक मदद प्रदान करेगी। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय जींद हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से अपना योगदान देता रहा है। महाविद्यालय का उद्देश्य समाज सेवा में भी भागीदारी निभाना है। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता फैलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। रोगियों को अपनी बीमारी से घबराना नही चाहिए बल्कि आत्मबल बनाए रखना चाहिए। उचित देखभाल, समय पर इलाज और चिकित्सकीय परामर्श से अधिकांश बीमारियों का सफलतापूर्वक इलाज संभव है।


**जींद।** टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** बिजली अदालत में शिकायतों का निपटारा करते हुए।

### दनौदा में बिजली अदालत का आयोजन

**जींद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली अदालत का आयोजन किया। बिजली अदालत में जींद के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बिजली की समस्याएं सुनी। वीरवार को आयोजित हुई बिजली अदालत में काफी संख्या में लोग बिजली की समस्या लेकर पहुंचे। इनमें बिजली लाइनों को स्थानांतरित करना, वोल्टेज समस्या, खराब मीटर की समस्याएं जैसी समस्याएं अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा के समक्ष रखी गई। जिसके बाद बिजली बिलों, खराब मीटर को बदलने जैसी समस्याओं को उपमंडल अधिकारी दीपक कुमार को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली लाइनों को स्थानांतरण करने और सोलर कनैक्शनों जैसी समस्याओं को भी निश्चित समय अवधी में समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने कहा कि बिजली निगम द्वारा इस प्रकार की बिजली अदालत लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं।

### ड्राफ्ट डेवलप्मेंट प्लान 2041 को लेकर बैठक

**जींद।** उपमंडल जींद, नरवाना एवं सफीदों के समग्र विकास के उद्देश्य से ड्राफ्ट डेवलप्मेंट प्लान 2041 की तैयारी को लेकर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में बैठक आयोजित की । बैठक में जिले के भविष्य के विकास की आवश्यकताओं को लेकर सड़क नेटवर्क, आवासीय, व्यावसायिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों आदि की योजना पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने कहा कि यह ड्राफ्ट प्लान वर्ष 2041 तक के सुनियोजित एवं संतुलित शहरी विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इस प्लान की आवश्यकताओं को ध्यान मे रखते हुए संबंधित विभागों से मांगा गया आवश्यक डाटा पांच से छह दिनों के भीतर उपलब्ध करवाया जाए ताकि इस संबंध मे समयबद्ध तरीके से योजना को तैयार किया जा सके। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


**जींद।** मीटिंग में मौजूद अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*


कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात करते कैप्टन योगेश बैरागी।

### भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले कैप्टन योगेश

**जुलाना।** जुलाना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे और भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन योगेश बैरागी ने दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में पार्टी के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। इस शिष्टाचार भेंट के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत करनेए युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक व संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। नेताओं ने युवा कार्यकर्ताओं की भूमिका और उनके माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने पर भी विचार-विमर्श किया। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि नितिन नबीन जैसे अनुभवी और संगठननिष्ठ नेता के नेतृत्व में भाजपा परिवार और अधिक मजबूत होगा। भाजपा का संगठनात्मक ढांचा अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना पर आधारित है। जिसे नया नेतृत्व और मजबूती प्रदान करेगा।

---


**सीवन।** गोशाला में धार्मिक कार्यक्रम में संत छविराम दास गोभक्तों के साथ।

### सेवा और सद्कर्म से ही जीवन सार्थकः संत

**सीवन।** सीवन गोशाला में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में संत छविराम दास ने गौ भक्तों को संबोधित करते कहा कि मानव जीवन ईश्वर की अमूल्य देन है और इसे अच्छे कार्यों, सेवा और सद्भाव से सजाना ही सच्चा उद्देश्य होना चाहिए। जीवन की सार्थकता परोपकार, करुणा और सकारात्मक सोच में निहित है। जो व्यक्ति दूसरों के लिए जीना सीख लेता है, वही वास्तव में सफल और संतुष्ट जीवन जीता है। संत छविराम दास ने कहा कि आज का समाज भौतिकता की दौड़ में मानवीय मूल्यों से दूर होता जा रहा है, जबकि सत्य, अहिंसा और सेवा ही जीवन को दिशा देने वाले स्तंभ हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने जीवन को नशा, स्वार्थ और हिंसा से दूर रखकर समाज के लिए उपयोगी बनाएं। अच्छे कर्म न केवल समाज को मजबूती देते हैं बल्कि मन को भी शांति प्रदान करते हैं। गौ सेवा पर प्रकाश डालते हुए संत छविराम दास ने कहा कि गौ माता की सेवा मानवता और संस्कृति की रक्षा का प्रतीक है। गौ सेवा से मन में दया और संवेदना का भाव जागृत होता है। गौशालाएं संस्कारों की पाठशाला होती हैं।

## प्रश्नोत्तरी में आधारशीला स्कूल की टीम प्रथम

*15 साल बाद जींद की टीम रही प्रतियोगिता में प्रथम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आधारशिला पब्लिक स्कूल ने हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद् हरियाणा द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर 15 साल बाद स्वर्णिम इतिहास रचा है। प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र के महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें हरियाणा के अलग-अलग जोन से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली 12 टीमों ने भाग लिया। विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के श्रेष्ठतम प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत परिचय दिया। इसमें आधारशिला विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र सुशांत कुंडू, रौनक व महक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा। विद्यालय ने प्रशिक्षिका मोनिका बिढ़ान एवं डीएसओ रणधीर लोहान के मार्ग दर्शन में यह सफलता प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल द्वितीय व आरपीएस नारनौल ने तृतीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने एक दशक बाद जींद जिले को स्वर्णिम अहसास करवाया। छात्रों की इस अतुलनीय उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी रितू पंघाल ने विशेष रूप से शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधक समिति को बधाई देते कहा कि यह विद्यालय के लक्ष्य के प्रति अडिग संकल्प व अथक परिश्रम का परिणाम है।


**जींद।** विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन। *फोटो :हरिभूमि*


ऑनलाइन स्थानांतरण नीति के विरोध में रोष जाहिर करते बिजली कर्मचारी।

### बिजली कर्मचारियों ने जताया रोष

**पूंडरी।** एचएसईबी वर्कर यूनियन हेड ऑफिस भिवानी पंजीकरण संख्या 292 के के आह्वान पर लगातार पांचवे दिन भी ऑनलाइन स्थानांतरण नीति 2025 के विरोध में यूनिट स्तर पर गेट मिटिंग आयोजित की गई। जिसमें बडी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व यूनिट प्रधान सतबीर यूडीसी ने की और मंच का संचालन यूनिट सचिव राममेहर जेई ने किया। यूनिट प्रधान जितेन्द्र बाकल ने आन लाईन स्थानांतरण नीति 2025 के नुकसान बताते इसे कर्मचारियों पर कुठारघात बताया और इसे तकनीकि कर्मचारियों के लिए जानलेवा बताया। अपने अध्यक्षीय भाषण में सतबीर सिंह यूडीसी पूर्व यूनिट प्रधान ने कहा कि समय रहते सरकार और निगम मनैजमैन्ट बिजली बोर्ड की आन लाईन स्थानांतरण नीति 2025 को तुरन्त प्रभाव से वापस ले अन्यथा बिजली बोर्ड का एक-एक कर्मचारी सरकार व निगम मनैजमैन्ट के साथ आर-पार की लडाई के लिए तैयार है। डिविजन सब यूनिट प्रधान सुशील कुमार, सब यूनिट न0-1 के प्रधान प्रवीन, सब यूनिट न0-2 के प्रधान सतीश कुमार मौजूद रहे।

---

### भाजपा लोकतंत्र की मजबूती के लिए ठोस कदम उठा रहीः सुरभि

# बगैर प्रमाण जनता को गुमराह कर रहा विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि एसआईआर (सिस्टमेटिक इंस्टीट्यूशनल रिफार्म) व तथाकथित वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्ष को लोगों को गुमराह कर रहा है। विपक्ष बिना तथ्यों व प्रमाणों के जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है, जबकि भाजपा लोकतंत्र की मजबूती और पारदर्शिता के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। जींद रोड मॉडल टाउन स्थित अपने निवास पर कार्यकर्ताओं से बातचीत करते कहा कि एसआईआर जैसे सुधारात्मक कदम प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और सिस्टम को मजबूत करने के लिए जरूरी हैं, लेकिन विपक्ष इन्हें गलत तरीके से पेश कर भ्रम फैलाने में लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब-जब किसी राज्य में चुनाव नजदीक आते हैं, विपक्ष अपनी हार की आशंका के चलते वोट चोरी जैसे बेबुनियाद मुद्दे उछालकर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का चुनाव आयोग एक स्वतंत्र और संवैधानिक संस्था है, जिसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर देश-विदेश में भरोसा किया जाता है। बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि मतदाताओं के विश्वास को कमजोर करने का प्रयास भी है। नप चेयरपर्सन ने कहा कि विपक्ष को जनता के सामने अपने विकास कार्यों और नीतियों के आधार पर जाना चाहिए, न कि झूठे आरोपों के सहारे।


**कैथल।** नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग पत्रकारों से बातचीत करते।

**ये रहे मौजूद**

भाजपा संगठन बूथ स्तर तक सक्रिय होकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत कर रहा है, जबकि विपक्ष केवल बयानबाजी तक सीमित है। अंत में उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे अफवाहों और झूठे प्रचार से सावधान रहें और विकास, सुशासन व पारदर्शिता के पक्ष में खड़े हों। सुरभि ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जनता विपक्ष की सच्चाई को समझेगी और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली राजनीति को नकार देगी। इस अवस पर वाइसचेयरमेन सीमा देवी, पार्षद परमजीत कौर रोहन मित्तल,प्रवेश शर्मा, राजेश सिसोदिया, रजत थरेजा, दीपक शर्मा, राज सैनी, रिंकू सैनी, विक्की धीमान सहित अन्य मौजूद रहे।


**गुहला-चीका।** ताऊ देवीलाल पार्क में पौधरोपण करते पं. नंदकिशोर शास्त्री।

### पर्यावरण को शुद्ध रखना सबकी जिम्मेदारी

**गुहला-चीका।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय श्री साई जन कल्याण ट्रस्ट, चीका ने ताऊ देवीलाल पार्क को गोद लेकर इसके सौंदर्यीकरण व नियमित देखभाल का संकल्प लिया है। पार्क में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी व ज्योतिषाचार्य पं. नंदकिशोर शास्त्री (चोटी वाले) मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने गुरुवार को नारियल फोड़कर व दीप प्रज्वलित कर पार्क का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान पं. नंदकिशोर शास्त्री ने पार्क में कार्यरत सेवादारों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने पार्क का निरीक्षण कर पौधारोपण किया और अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने तथा स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखना प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। हमें अपने आसपास पेड़-पौधे लगाने, पार्कों को साफ-सुथरा रखने और कचरा हमेशा डस्टबिन में डालकर नगर पालिका की गाड़ी को सौंपने की आदत विकसित करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं को दिया जा रहा पांच लाख का ऋण

**कैथल।** हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक शशिबाला ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मातृशक्ति उधमिता योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपये तक ऋण दिलवाया जा रहा है। जिला कैथल के लिए 40 केसों का लक्ष्य रखा गया है। योजना का उद्देश्य महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है।

### नशा करे रहे चार युवकों को किया गिरफ्तार

**कैथल।** जिला पुलिस नशा जागरूकता टीम एसपी उपासना के आदेशानुसार लगातार आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है। इसके साथ साथ नशा करने वाले युवको को काउंसलिंग करके ईलाज के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। नशा जागरूकता टीम में शामिल एएसआई ओमप्रकाश व एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा गांव चंदाना में ड्रेन के पास चार युवकों को नशा करते हुए पकड़ लिया, वे नशे के टीके तक लगा रहे थे। हालांकि जिस नशे की टीकों का प्रयोग वे अपनी लत को पूरा करने में कर रहे थे, उन टीकों का प्रयोग आमतौर पर भैंस व मवेशियों को लगाने में किया जाता है।

### 20 दिसंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर–पूंडरी की बैठक प्रधान प्रवीण मित्तल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में परिषद द्वारा आयोजित किए जाने वाले आगामी सेवा कार्यों पर चर्चा की गई। प्रधान प्रवीण मित्तल ने बताया कि भारत विकास परिषद फतेहपुर–पूंडरी द्वारा आदर्श कोशल महंत सत्य चेतन पुरी महाराज के आशीर्वाद से 20 दिसंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर रघुपुरी मंदिर फतेहपुर में आयोजित होगा। शिविर का समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगा।

### कैथल से दो किशोरियां हुईं घर से लापता

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग स्थान से दो किशोरियां बिना बताए घर से लापता हो गई। पहले मामले में कैथल के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 15 दिसंबर को प्रातः करीब 10:00 बजे गांव बिशनगढ़ से अज्ञात युवक उसकी 16 वर्षीय बेटी को भगा कर ले गया। दूसरे मामले में थाना पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 16 दिसंबर को दोपहर करीब 2:00 बजे उसकी बेटी बिना बताए घर से चली गई। आरोप है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसे अपने साथ भगा कर ले गया।

### एसआईआर को लेकर विपक्ष फैला रहा झूठ

**कलायत।** भाजपा जिला कार्यकारणी सदस्य डा.प्रीतम कौलेखां ने कहा कि विपक्ष लगातार मतदाताओं के विश्वास को कमजोर करने का विफल प्रयास कर रहा है। उन्होंने विपक्ष को सिस्टमेटिक इंस्टीट्यूशनल रिफॉर्म एवं तथाकथित वोट चोरी के मुद्दे पर आड़े हाथों लिया। भाजपा लोकतंत्र की मजबूती और पारदर्शिता के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। सआईआर जैसे सुधारात्मक कदम प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और सिस्टम को मजबूत करने के लिए जरूरी हैं। विपक्ष इन्हें गलत तरीके से पेश कर भ्रम फैला रहा है।

### किसानों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**उचाना।** तमिलनाडू के किसान नेता पीआर पांडयंन की रिहाई की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन एकता सिदधूपुर की तरफ से एसडीएम दलजीत सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला महासचिव अनिल बैनीवाल ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर तमिलनाडू के किसान नेता पीआर पांडयंन की रिहाई के लिए देशभर में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे गए। 2015 में ओएनजीसी कंपनी द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमें में किसान नेता को तमिलनाडू में 13 साल की सजा सुनाई गई है।

## अल्ट्रासाउंड से लेकर अन्य इलाज की सुविधाएं होंगी उपलब्ध

# आभा आईडी से गर्भवती महिलाएं ओपीडी में करवा सकेंगी जांच

**आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अपनाई जा रही प्रक्रिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लिंगानुपात में सुधार करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा साफ तौर पर कहा गया है कि जैसे ही किसी महिला को स्वयं के गर्भवती होने का पता चलता है तो इसके बारे में संबंधित क्षेत्र की आंगनवाड़ी या स्वास्थ्य केंद्र को जानकारी दी जाए। आंगनवाड़ी तुरंत महिला का रजिस्टर में नाम व संबंधित जानकारी को इंद्राज करेगी। इसके बाद गर्भवती महिला को उपचार व अन्य जानकारी के लिए भटकना नही होगा। अस्पताल व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित पीएचसी में गर्भवती महिलाओं को आरसीएच की बजाय अब आभा आईडी पर ही चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ उपलब्ध होगा। इस आभा आईडी से न केवल गर्भवती महिलाएं ओपीडी में जांच करा सकेंगी बल्कि अल्ट्रासाउंड से लेकर अन्य इलाज की सुविधाएं भी मिल जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग ने गर्भवती महिलाओं को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत इलाज की सुविधा दिलाने के लिए यह प्रक्रिया अपनाई है।



जींद। गायनी ओपीडी के बाहर मौजूद लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### महिलाएं अपने मोबाइल से बना सकती हैं आईडी

स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने के महिलाएं अपने मोबाइल से अपनी आभा आईडी बना सकती हैं। अगर किसी कारणवश महिला आभा आईडी नही बना पा रही है तो वो फील्ड व अस्पताल में महिलाओं की आभा आईडी आशा वर्करों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के माध्यम से बनवा सकती हैं। लिंगानुपात में सुधार के चलते सरकारी अस्पतालों व संस्थानों में डिलीवरी पर जोर दिया जा रहा है।

### ऐसे मिलेगा चिकित्सा सुविधाओं का लाभ

स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के अलावा अन्य बीमारियों के मरीजों की भी आभा आईडी बनाई जा रही है। इसके तहत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बाद एक 14 नंबरों की यूनिक आईडी बन जाती है। इसके लिए स्वास्थ्य केंद्रों में आभा आईडी के कोड भी चस्पा किए गए हैं। इस कोड को जब भी कोई मरीज या गर्भवती महिला स्कैन करेगी, उसके सामने यहां संचालित ओपीडी के ऑप्शन खुलेंगे। उन्हें जिस विभाग की ओपीडी में जांच करानी होगी। उसी पर क्लिक करके चिकित्सक की अप्वाइंटमेंट ले सकते हैं।

### आरसीएच पंजीकरण से होगी ट्रैकिंग

आरसीएच और एमसीटीएस पंजीकरण से गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग आसानी से हो सकेगी। अक्सर तीन महीने तक की गर्भावस्था के बारे में नहीं बताया जाता है। इसलिए महिलाएं पंजीकरण करवाने से बचती हैं लेकिन अब यह पंजीकरण अनिवार्य होगा। इससे गर्भवती व शिशु के स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी रहेगी। जिले में जो गर्भवती नागरिक अस्पताल या फिर आंगनबाड़ी के जरिये उपचार करवा रही है, उन महिलाओं का पंजीकरण हो जाता है।

### शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए उठाया कदम

इस वर्ष जिला में भ्रूण हत्या के तीन मामले सामने आए चुके हैं। जिनमें आजतक न तो यह पता चल पाया है कि यह कृत्य किसने किया था। हालांकि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामले भी दर्ज किए हुए हैं। बावजूद इसके आजतक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नही हुई है। वहीं जींद अस्पताल में ही ओसतन प्रतिदिन 30 से 40 महिलाओं के अल्ट्रासाउंड चिकित्सकों के द्वारा लिखे जाते हैं। जबकि प्रतिदिन आठ से दस डिलीवरी होती हैं। ऐसे में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए अब यह कदम उठाया गया है।

### आभा आईडी अवश्य बनवाएं : डा. मंजू

नागरिक अस्पताल की वरिष्ठ महिला चिकित्सक एवं डा. मंजू सिंगला ने बताया कि जैसे ही महिला को स्वयं के गर्भवती होने का पता चलता है तो वो तुरंत इस बारे में संबंधित आंगनवाड़ी या स्वास्थ्य केंद्र को जानकारी दे। गर्भवती महिलाओं को आभा आईडी अवश्य बनवानी चाहिए। आभा आईडी बनवाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई। यहां तक गर्भवती महिलाएं खुद भी अपनी आभा आईडी स्वयं बना सकती है। इसी आईडी के माध्यम से उन्हें जांच व अन्य इलाज की सुविधा उपलब्ध हो जाएंगी।

## वालीबॉल प्रतियोगिता में सरस्वती सदन प्रथम



राजौंद। एसडीम स्कूल में खेल प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

**एसडीएम स्कूल में करवाई दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्कूल संचालक जयपाल शर्मा व डायरेक्टर अश्वनी शर्मा ने शिरकत की। यह खेल प्रतियोगिता स्कूल के चार सदनों के बीच आयोजित की गई। स्कूल प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन चारों सदन गंगा यमुना सरस्वती कृष्णा के बीच नेशनल कबड्डी, वॉलीबॉल व 100, 200, 400 , 800 व 1600 मीटर रेस का आयोजन किया गया। वालीबॉल प्रतियोगिता में सरस्वती सदन प्रथम और यमुना सदन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कबड्डी प्रतियोगिता में कृष्णा सदन प्रथम प्राप्त किय। 1600 मीटर रेस में ध्रुव सरस्वती सदन प्रथम, यमुना द्वितीय, 400 मीटर रेस में गंगा सदन प्रथम,कृष्णा सदन द्वितीय, 200 मीटर लक्ष्य गंगासदन प्रथम, विराज कृष्णा सदन द्वितीय, लड़कियों में 400 मीटर रेस महिमा सरस्वती सदन प्रथम, उर्वशी गंगा सदन द्वितीय, 200 मीटर रेस लड़कियों में उर्वशी गंगा सदन प्रथम ,वंशिका कृष्णा सदन द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### सर्वांगीण विकास

मुख्य अतिथि जयपाल शर्मा व डायरेक्टर अश्वनी शर्मा ने बच्चों को बताया कि स्कूल का कार्य बच्चों का सर्वागीण विकास करना होता है। बच्चों को शिक्षा के साथ उन सभी पहलुओं की भी शिक्षा दी जानी चाहिए जिसे वह अपने जीवन में कभी किसी भी इस्तेमाल कर सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों को भी चाहिए कि वह केवल किताबों में ही न घुसे रहें। खेलों से बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है इसलिए खेलों का भी जीवन में बहुत महत्व है। स्कूल की ओर से भी इस प्रकार के खेलों का आयोजन समय समय पर किया जाना चाहिए। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए डीपी जय भगवान को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## छठी से 11वीं तक के छात्रों ने लगाई गणित प्रदर्शनी

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटडा में गणित सप्ताह मनाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटडा में गणित सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन बच्चों से अलग-अलग गतिविधियों के द्वारा नवाचार एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को विद्यालय स्तरीय गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने चार्ट मॉडल पोस्टर मेकिंग मैथमेटिकल डिजाइनिंग एवं पजल के द्वारा गणित को आसान भाषा में सीखने का प्रयास किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा छठी से कक्षा ग्यारहवीं तक के 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी विद्यालयों में 15 से 22 दिसंबर तक गणित सप्ताह मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य बच्चों में गणित के प्रति रुचि उत्पन्न करना, गणित को आसान एवं सरल भाषा में सिखाना नवाचार को बढ़ावा देना, तार्किक एवं रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना है। इस दौरान प्रतिदिन प्राचीन महान भारतीय श्रीनिवास रामानुजन आर्यभट्ट भास्कराचार्य श्रीधराचार्य आदि के बारे में जानकारी देकर हमारी महान प्राचीन वैदिक शिक्षा प्रणाली के बारे में बताया जा रहा है।

## शिक्षा और मेहनत की कोई बराबरी नहीं हो सकती : रामचंद्र अत्री

- लेफ्टिनेंट बने हरदीप गिल, मां संतरो देवी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने अलीपुरा गांव के हरदीप गिल को उचाना सेवा गुरप द्वारा अलीपुरा गांव आवास पहुंच कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उचाना सेवा ग्रुप के संयोजक मा. रामप्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय विद्यालय अलीपुरा में मिड डे मील कुक के पद पर कार्यरत संतरो देवी का बेटा हरदीप गिल अपनी मेहनत के बल पर और अपने मां के आशीर्वाद से सेना अधिकारी पद पर चयनित हुआ। संतरो देवी के प्रति का निधन होने के बाद तीन बेटी, एक बेटे के पालन पोषण की जिम्मेदारी को निभाया। बेटे ने मांग की मेहनत को उस मुकाम पर मेहनत करके पहुंचाया। जहां पहुंचना हर किसी का सपना होता है। उपमंडल के किसी भी गांव में इस तरह के गरीब घरों के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करने के लिए एसडीएम के नेतृत्व में उचाना सेवा गुरप सदैव तत्पर रहता है।



उचाना। लेफ्टिनेंट बने हरदीप गिल को सम्मानित करते हुए।

### वीसी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**जींद।** सीआरएसयू के वीसी प्रो. राम पाल सैनी ने विश्वविद्यालय में संचालित परीक्षाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप परीक्षा नियंत्रक डा. नीरज सिंह भी उनके साथ उपस्थित रहे और उन्होंने परीक्षा संचालन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं की जानकारी कुलगुरु को अवगत कराई। निरीक्षण के दौरान कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी एवं परीक्षा नियंत्रक डा. नीरज सिंह ने विभिन्न परीक्षा कक्षों में जाकर शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संचालित परीक्षाओं का अवलोकन किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता, शुचिता एवं नियमानुसार संपन्न हो रही हैं तथा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।



जींद। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते वीसी प्रो. रामपाल सैनी।

### विस में विधायक जांबा ने उठाई पूंडरी की मांगें

**पूंडरी।** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानसभा पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने सदन में अपने क्षेत्र से जुड़ी मुख्य विकासात्मक मांगों को मजबूती से उठाया और साथ ही सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक सतपाल जांबा ने सदन में कहा कि वर्तमान समय में पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में 500 करोड़ से अधिक की लागत से विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिसके लिए उन्होंने हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी का विशेष रूप से धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि सरकार की विकासोन्मुखी सोच के कारण क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूती मिल रही है।



कलायत। डीसी को कैथल मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपते आर्य सभा प्रतिनिधि।

### करौधा आश्रम पर कब्जा किया तो विरोध करेंगे : नरेंद्र

**कलायत।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा को सूचना प्राप्त हुई है कि रामपालदास करोथा आश्रम पर पुनः कब्जा करना चाहता है। रामपालदास द्वारा पुनः करौधा आश्रम पर कब्जा किया गया तो आर्यसमाज इसका पुरजोर विरोध करेगा। समाज में अशांति का वातावरण हो जाएगा। इसको लेकर आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। जुलानी खेड़ा सरपंच एवं कॉलेजियम 53 आर्य समाज हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के सदस्य नरेंद्र जुलानी खेड़ा, सिद्धान्ती भवन दयानन्द मठ रोहतक से पं.जगदेव सिंह, राममेहर आर्य अन्तरंग सदस्य आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा दयानन्दमठ रोहतक, मनीराम आर्य, बलवान आर्य, सुखदेव और दूसरे प्रतिनिधियों ने कहा कि जुलाई 2006 में इस आश्रम में भयंकर गोलीकांड हुआ था। इसमें पंचायत के अनेक लोग घायल हुए।

## कैथल में सौर ऊर्जा से रोशन हो रहे घर, मिल रही सब्सिडी

- बैंकों के माध्यम से बिना ब्याज दरों पर लोन दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ऊर्जा संरक्षण और आम जनमानस को बिजली बिलों के भारी-भरकम बोझ से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना वरदान साबित हो रही है। हरियाणा के कैथल जिले में इस योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की जुगलबंदी ने इस योजना को इतना किफायती बना दिया है कि पात्र परिवारों के लिए सोलर पैनल लगवाना अब लगभग जीरो कॉस्ट यानी मुफ्त जैसा हो गया है। जिले में अब तक 2821 उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ उठाते हुए अपने घरों की छतों पर सोलर सिस्टम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से इन लाभार्थियों को अलग अलग किलोवाट के हिसाब से लगभग 18 करोड़ रुपये की सब्सिडी सीधे उनके खातों में भेजी जा चुकी है। यदि कोई उपभोक्ता शुरुआती निवेश करने में सक्षम नहीं है, तो सरकार ने उनके लिए राह आसान कर दी है। सरकारी बैंकों के माध्यम से बिना किसी गारंटी या प्रॉपर्टी के न्यूनतम ब्याज दरों पर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। दो किलोवाट का सोलर पैनल प्रतिदिन 8 से 10 यूनिट बिजली बनाता है।



उचाना। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री उचाना के मुद्दों को रखते हुए।

### विधानसभा में गूंजे उचाना के मुद्दे

**उचाना।** उचाना से भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने उचाना हलके के विभिन्न मुद्दों को विधानसभा के पहले दिन के सत्र में उठाया। उचाना हलके के किसानों की वर्षों पुरानी मांग को उठाते हुए ढाकल हैड से रजबाहा निर्माण की मांग करने के साथ-साथ बरसोला माइनर में नहरी पानी की अवधि को बढ़ा कर 15 दिन करने की मांग की। विधायक ने लितानी रोड पर अंडर पास बनने के बाद लंबा चक्कर काट कर लाइन पार जाने में आ रही राहगीरों की परेशानी दूर करते हुए फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग के साथ-साथ शहर में वर्षों पहले बिछाई गई सीवरेज व्यवस्था ठप्प रहने के चलते दोबारा से सीवरेज लाइन बिछाने की मांग की। महाग्राम नगूरां में आईटीआई बनाने की मांग भी विधानसभा में रखी। वभाजपा सरकार हर क्षेत्र में निरंतर विकास कर नए आयाम स्थापित करने का काम कर रही है।

## शुभ संयोग : पिंडारा तीर्थ में शुक्रवार के दिन श्रद्धालु लगाएंगे श्रद्धा की डुबकी

# अपने पितरों को खुश करने के लिए विशेष फलदायी पौष अमावस्या आज

**पितरों को खुश करने के लिए पौष अमावस्या पर पितृ तर्पण अवश्य करें : नवीन शास्त्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साल की अंतिम और पौष माह की अमावस्या शुक्रवार 19 दिसंबर को है। इस अमावस्या पर श्रद्धालुओं को विशेष संयोग मिलेगा। पौष अमावस्या का शुक्रवार के दिन पडऩा माता लक्ष्मी की कृपा से जुड़ा शुभ संयोग भी बना रहा है। मान्यताओं के अनुसार शुक्रवार को श्रद्धा भाव से किया गया दान और पुण्य कर्म आर्थिक स्थिरता, सुख और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार अमावस्या के दिन पितर धरती पर आते हैं और अपने वंशजों के किए गए कर्मों से प्रसन्न होकर सुख, समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में पौष अमावस्या पर बनने वाले शुभ योग और मुहूर्त का महत्व और भी बढ़ जाता है।



जींद। पिंडारा तीर्थ, जहां आज लगेगी श्रद्धा की डुबकी।

### रहेंगे विशेष संयोग

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार पौष अमावस्या तिथि की शुरुआत 19 दिसंबर सुबह चार बजकर 59 मिनट पर शुरू होगी और इसका समापन 20 दिसंबर सुबह सात बजकर 12 मिनट पर होगा। ऐसे में श्रद्धालुओं द्वारा अमावस्या से जुड़े पितृ तर्पण, स्नान और दान जैसे शुभ कार्य शुक्रवार को ही किए जाएंगे। हिंदू धर्म में पौष माह की अमावस्या का विशेष महत्व है। इस पौष अमावस्या के दिन कई शुभ मुहूर्त बनेंगे। जिनमें धार्मिक कार्य करना विशेष फलदायी माना जाता है। शुक्रवार को पौष अमावस्या के दिन बहा मुहूर्त सुबह 5 बजकर 19 मिनट से 6 बजकर 14 मिनट तक। इस समय स्नान, ध्यान, जप और तर्पण करना अत्यंत शुभ माना जाता है। वहीं अमृत काल सुबह 9 बजकर 43 से 11 बजकर 01 मिनट तक। इस समय किए गए शुभ कार्यों का विशेष फल मिलता है।

### साल 2025 की अंतिम पौष अमावस्या



जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि साल 2025 की अंतिम पौष अमावस्या शुक्रवार है। यह अमावस्या पितरों को समर्पित होती है। इस दिन स्नान, दान, तर्पण और जप का विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए पितृ कर्मों से पितर प्रसन्न होते हैं और अपने वंशजों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। अमावस्या तिथि पितृ कार्यों के लिए विशेष रूप से श्रेष्ठ मानी गई है।

### पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक की तपस्या

पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर शुक्रवार को पौष अमावस्या पर श्रद्धालु ठंड के बीच सरोवर में स्नान, पिंडदान करके करके तर्पण करेंगे। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया।